**Regarding implementation of Jal Jeevan Mission in Beed district, Maharashtra.-laid**

श्री बजरंग मनोहर सोनवणे **(बीड) :** मैं महाराष्ट्र के बीड जिले में जल जीवन मिशन (JJM) की विफलता की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । 1323 गांवों के लिए 1265 योजनाएं स्वीकृत की गई थीं, जिनका अनुमानित व्यय 1452 करोड़ रुपये था । उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर को कार्यशील नल कनेक्शन प्रदान करना था, लेकिन कुप्रबंधन के कारण योजना गंभीर संकट में है । यह पाया गया है कि घटिया सामग्री से पाइपलाइन बिछाई गई, संदिग्ध ठेकेदारों को काम सौंपा गया, और आवंटित धन का दुरुपयोग हुआ । पर्याप्त बजट के बावजूद, कई गांव अब भी स्वच्छ जल से वंचित हैं । 31 मार्च 2024 तक सभी योजनाएं पूरी करने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक केवल 35 योजनाएं पूरी हुई हैं, जबकि 1000 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं । इस संदर्भ में, मैं माननीय मंत्री से पूछना चाहता हूं: 1. क्या मंत्रालय को इस भ्रष्टाचार की जानकारी है? 2. क्या सरकार धन के दुरुपयोग की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करेगी? 3. क्या योजना के ऑडिट या जांच की कोई योजना है? 4. लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? मैं सरकार से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग करता हूं ।